# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 9th



aglasem.com

Class : 9th

Subject : हिंदी

Chapter : 13

Chapter Name : ग्राम श्री

Q1 कवि ने गाँव को 'हरता जन मन' क्यों कहा है ?

Answer.प्रस्तुत कविता में कवि ने गांव को हरता जन मन इसलिए कहा है क्योंकि खेतों में अनेक फसलें फल-फूल रही है और चारों ओर दूर-दूर तक मखमली हरियाली फैली हुई है। गंगा नदी के किनारे तरबूज की खेती तालाब में तैरते पक्षी गांव के सौंदर्य में चार चांद लगाते हैं। गांव में हर तरफ हरियाली की धूप पर चमक पडने से लगता है कि हरियाली हंस रही है।

Page : 116 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q2 कविता में किस मौसम के सौंदर्य का वर्णन है ?

Answer.प्रस्तुत कविता में वसंत ऋतु के मौसम के सौंदर्य का वर्णन किया गया है।

Page : 116 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q3 गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा गया है ?

Answer.गांव को मरकत डिब्बे सा खुला इसलिए कहा गया है क्योंकि गांव में आम नीम जामुन महुआ आदि के पेड़ तथा खेतों में नाना प्रकार की फसलें लहराती है। सारा गांव हरा भरा होता है तथा इसे दूर से देखने पर यह मरकत  जैसा लगता है। गांव हरा भरा और चमकदार दिखाई देता है इसलिए उसे मरकत के खुल डिब्बे सा कहा गया है। जगह-जगह खेत रंग बिरंगी, फूलों तथा उन पर उड़ती तितलियां, सूरज की गुनगुनी धूप से निखरता सौंदर्य इस हरीतिमा में चमक पैदा कर देता है। चारों ओर फूल खिलते हैं। तितलियां मंडराती हैं।

Page : 116 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q4 अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं ?

Answer.अरहर और सनई के खेत कवि को सोने की किंकणियो के सामान दिखाई दे रहे हैं।

Page : 116 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

aglasem.com

Q5 भाव स्पष्ट कीजिए –

(क) बालू के साँपों से अंकित

गंगा की सतरंगी रेती

(ख) हँसमुख हरियाली हिम-आतप

सुख से अलसाए-से सोए

Answer.

(क) प्रस्तुत पंक्तियों में गंगा के तट को सतरंगी कहां गया है और वहां की रेत को सांप की तरह लहरदार बताया गया है। और वह विविध रंगों वाली है।

(ख) इन पंक्तियों में गाँव की हरियाली का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया गया है। हरियाली सूरज की रोशनी में जगमगाती हुई हंसमुख सी लग रही है। सर्दी की धूप भी खिली खिली हुई है और ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दोनों ही आलस्य से सो रहे हैं।

Page : 116 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q6 निम्न पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

तिनकों के हरे हरे तन पर

हिल हरित रुधिर है रहा झलक

Answer.हरे हरे - पुनरुक्ति अलंकार

हिल हरित - अनुप्रास अलंकार

तिनकों के तन पर - मानवीकरण अलंकार

Page : 117 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q7 इस कविता में जिस गाँव का चित्रण हुआ है वह भारत के किस भू-भाग पर स्थित है ?

Answer.इस कविता में उत्तरी भारत के गाँव का चित्रण हुआ है। उत्तरी भारत, भारत के खेती प्रधान राज्यों में प्रमुख है।

Page : 117 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q8 भाव और भाषा की दृष्टि से आपको यह कविता कैसी लगी ? उसका वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

aglasem.com

Answer. प्रस्तुत कविता की भाव और भाषा दोनों ही सरल एवं सहज है। कविता में गांव की हरियाली का बहुत ही सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया गया है जो लोगों का मन अपनी ओर खींच लेता है। अलंकारों का बहुत सुंदर प्रयोग किया गया है। भाषा मधुर एवं प्रवाहमयी है।

Page : 117 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q9 आप जा रहते हैं उस इलाके के किसी भाषा विशेष के सौंदर्य को कविता या गद्द में वर्णित कीजिए।

Answer.छात्र स्वयं करें।

Page : 117 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q10 सुमित्रानंदन पंत ने यह कविता चौथे दशक में लिखी थी। उस समय के गांव में और आज के गांव में आपको क्या परिवर्तन नजर आते हैं? इस पर कक्षा में सामूहिक चर्चा कीजिए।

Answer.छात्र परिचर्चा का आयोजन स्वयं करें।

Page : 117 , Block Name : पाठेतर सक्रियता

Q11 अपने अध्यापक के साथ गांव की यात्रा करें और जिन फसलों और पेड़-पौधों का चित्रण प्रस्तुत कविता में हुआ है उनके बारे में जानकारी प्राप्त करें।

Answer.छात्र अध्यापक की मदद से स्वयं जानकारी प्राप्त करें।

Page : 117 , Block Name : पाठेतर सक्रियता

aglasem.com